# भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र अभिसमय

**स्रोत: G20**

वर्ष 2023 में **भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCAC)** की **20वीं वर्षगाँठ** मनाई गई।

- G20 **अपने** भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह **के माध्यम से विश्व स्तर पर भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों का भी प्रतिनिधित्व करता है और सोशल ट्रैक के भीतर B20 एवं SAI20 चर्चाओं में संबंधित विषयों को शामिल करता है।**

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCAC) क्या है?

- **UNCAC** पर **9 दिसंबर 2003 को मेक्सिको में हस्ताक्षर** किये गए और **14 दिसंबर 2005** को यह **लागू हुआ।**
- **अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोध दिवस** की स्थापना **ब्राज़ीलियाई प्रतिनिधिमंडल के कन्वेंशन** के प्रस्तावों के परिणामस्वरूप 9 दिसंबर को की गई थी।
- यह **एकमात्र विधिक रूप से बाध्यकारी** बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार-रोधी संधि है।
- अभिसमय में पाँच प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं–
  - निवारक उपाय, अपराधीकरण व विधि प्रवर्तन, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, परिसंपत्ति की वसूली तथा तकनीकी सहायता एवं सूचना विनिमय।
  - इस अभिसमय में भ्रष्टाचार के विभिन्न रूपों को शामिल किया गया है, जिसमें **रिश्वतखोरी, प्रभावपूर्ण व्यापार, कृत्यों का दुरुपयोग** तथा निजी क्षेत्र में **भ्रष्टाचार के विभिन्न कृत्य शामिल हैं।**

## G-20 भ्रष्टाचार-रोधी कार्य समूह क्या है?

- **G-20 भ्रष्टाचार-रोधी कार्य समूह (ACWG)** की स्थापना **जून 2010** में G-20 के टोरंटो शिखर सम्मेलन में की गई थी।
- यह **भ्रष्टाचार से निपटने** के लिये **प्रभावी रणनीतियों को साझा** करने पर ध्यान केंद्रित करता है। यह भ्रष्ट प्रथाओं का मुकाबला करने में **नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग** सहित उभरती चुनौतियों का भी समाधान करता है।
- ACWG की अध्यक्षता G-20 के अध्यक्ष और एक सह-अध्यक्ष द्वारा की जाती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/united-nations-convention-against-corruption